झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

पत्रांक- 183(9) / राँची, दिनांक- 10|4|23

प्रेषक,

अरूण कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

प्राचार्य,
सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
झारखण्ड।

विषयः- राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के शैक्षणिक संवर्ग में कार्यरत शिक्षकों का मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कैलेण्डर निर्धारित करते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के संबंध में ।

महाशय,

विभागीय समीक्षा के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के शैक्षणिक संवर्ग के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों का मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का कैलेण्डर निर्धारित नहीं होने तथा उसका अनुपालन नहीं किए जाने के फलस्वरूप, ऐसे शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की अवधि के दौरान सरकार के निदेशों के प्रतिकूल अन्य कार्य किए जाते हैं, जिससे न केवल ऐसे चिकित्सा महाविद्यालयों का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है बल्कि विद्यार्थियों के पठन-पाठन पर भी कुप्रभाव पड़ता है।

2. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशित किया जाता है कि प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग के कार्यरत समस्त शिक्षकगणों का मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का कैलेण्डर तैयार कर संधारित किया जाए, जिसे चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित किए गए इस मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का कैलेण्डर के अनुसार ऐसे शिक्षकों के द्वारा शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्य निर्धारित समय पर पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ संपादित किए जाएँ।

3. तदनुसार निदेशित किया जाता है कि प्रत्येक माह की दसवीं तारीख तक निदेशक, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को विगत माह के दौरान मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का कैलेण्डर का अनुपालन किए जाने संबंधी संलग्न प्रपत्र में प्रमाण पत्र में समर्पित किया जाए, जिसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख हो कि किन शिक्षकों के द्वारा मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कैलेण्डर का अनुपालन किस परिस्थिति में नहीं किया जा रहा है तथा ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गयी है।

विश्वासभाजन,

10.4.23

(अरूण कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक- 183(9), राँची, दिनांक- 10|4|23

प्रतिलिपिः-प्रमण्डलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग/पलामू प्रमण्डल, पलामू/कोल्हान प्रमण्डल, चाईबासा/संथालपरगना प्रमण्डल, दुमका/उपायुक्त, हजारीबाग/धनबाद/जमशेदपुर/पलामू/दुमका/उप विकास आयुक्त, हजारीबाग/पलामू/निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10.4.23

अपर मुख्य सचिव

प्रपत्र

शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का मासिक कैलेण्डर

चिकित्सा महाविद्यालय (नाम) – **अवधि :**

क्र0	चिकित्सक की विवरणी				शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कैलेण्डर		अभ्युक्ति
	विभाग का नाम	चिकित्सा शिक्षक का नाम	पदनाम	पदस्थापन की तिथि	शैक्षणिक कार्य दिवस	चिकित्सकीय कार्य दिवस	
1	2	3	4	5	6	7	8

- **(वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)**

प्रपत्र

मासिक शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यों का प्रतिवेदन

चिकित्सा महाविद्यालय (नाम) – **प्रतिवेदन अवधि :**

क्र0	चिकित्सक की विवरणी				शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कैलेण्डर का सारांश						अभ्युक्ति
	विभाग का नाम	चिकित्सा शिक्षक का नाम	पदनाम	पदस्थापन की तिथि	शैक्षणिक कार्य दिवस	चिकित्सकीय कार्य दिवस	सम्पादित		अंतर		
							चिकित्सकीय कार्य	शैक्षणिक कार्य	चिकित्सकीय कार्य	शैक्षणिक कार्य	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

➢ (मासिक प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु)